हरि इच्छा भावी बलवाना हृदय बिचारत शम्भु सुजाना
तब शंकर प्रभु पद सिरु नावा सुमिरत रामु हृदय अस आवा
एहि तन सतिहि भेट मोहि नाहीं शिव संकल्पु कीन्ह मन माही
|| मानस शिव संकल्प || Ram Katha 976 - Gujrat || ❊मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 275 | इंदौर, बुधवार 22 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा भारत

● पहलगाम हमले की बरसी पर पीएम ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल आज ही के दिन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के पीड़ितों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि इस हमले में अपनी जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों और जवानों के बलिदान को देश कभी नहीं भूलेगा। प्रधानमंत्री ने लिखा, 'पिछले साल आज ही के दिन पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद कर रहा हूं। उन्हें कभी भुलाया नहीं जाएगा। मेरी संवेदनाएं उन शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं, जो इस अपूरणीय क्षति को सह रहे हैं।' उन्होंने इस त्रासदी को एक ऐसी घटना बताया जो आज भी देश की अंतरात्मा पर बोझ बनी हुई है।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में आतंकवाद के खिलाफ भारत के सख्त और अटूट रुख को दोहराया। उन्होंने कहा कि पूरा देश दुख और संकल्प की इस घड़ी में एक साथ खड़ा है। पीएम मोदी ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा, 'एक राष्ट्र के रूप में, हम दुख और संकल्प में एकजुट हैं। भारत कभी भी किसी भी रूप में आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा। आतंकवादियों के घिनौने मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे।' आपको बता दें कि 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में आतंकवादियों ने एक कायराना हमले को अंजाम दिया था, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था और इसके बाद सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों को और तेज कर दिया था।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आज दिखेगा वायुसेना का दम

## राफेल-जगुआर-मिराज और तेजस करेंगे 'टच एंड गो' अभ्यास



**सुल्तानपुर, (एजेंसी)** सुल्तानपुर के अरवल-कीरी करवत स्थित एयरस्ट्रिप पर बुधवार दोपहर दो बजे से वायुसेना का दो दिवसीय विशेष रिहर्सल शुरू हो रहा है. भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान एक्सप्रेस-वे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करने के लिए 'टच एंड गो' का अभ्यास करेंगे. मिराज, राफेल, जगुआर और तेजस जैसे विमान इसमें शामिल होंगे. स्थानीय प्रशासन और वायुसेना के अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लेने के बाद इसे अंतिम रूप दे दिया है.

● तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गरजे सीएम डॉ. मोहन यादव, कहा -

# लुटेरी सरकार को उखाड़ फेंकेगी जनता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल/तमिलनाडु, एजेंसी।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के रंग में पूरी तरह रंगा हुआ है। चारों ओर चुनावी बिगुल सुनाई दे रहे हैं। ऐसे माहौल में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी बीजेपी और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (AIDMK) के लिए प्रचार करने 19 अप्रैल को वहां पहुंचे। उन्होंने तमिलनाडु की नमक्कल जिले की रासीपुरम विधानसभा और तिरुपुर जिले की अविनाशी विधानसभा में जनसभा को संबोधित किया और जनता से एनडीए के पक्ष में समर्थ मांगा। रासीपुरम में उन्होंने डॉ. प्रेमकुमार और अविनाशी में एल. मुरुगन के लिए प्रचार किया। सीएम डॉ. यादव ने जनता से अपील की, कि इस बार भ्रष्टाचारियों-लुटेरों की सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि जनता का भाव बता रहा है कि इस बार तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनेगी।



गौरतलब है कि, तमिलनाडु के नमक्कल जिले की रासीपुरम विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रत्याशी डॉ. प्रेमकुमार के समर्थम में जनता से समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि देश की बहन-बेटियों को कभी शक्ति नहीं मिले और तमिलनाडु में किसी दूसरी अम्मा जयललिता उभरकर सामने न आए, इसीलिए डीएमके, टीएमसी, कांग्रेस सहित संपूर्ण विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने में रोड़ा अटका दिया। विपक्षी दलों ने देश की आधी आबादी का अपमान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में तमिलनाडु की जनता डीएमके और कांग्रेस का हिसाब चुकता करेगी। दोनों ही दल दशकों से परिवारवाद को बढ़ाते हुए देश-प्रदेश को लूटने में व्यस्त हैं। किसी गरीब को प्रदेश की सत्ता की जिम्मेदारी मिले, यह डीएमके और कांग्रेस को कभी रास नहीं आएगा। तमिलनाडु में सत्तारुढ़ डीएमके की लुटेरी और बेईमानों की सरकार है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सरकार में तमिलनाडु में भ्रष्टाचार, माफिया और अपराधियों का बोलबाला है। कांग्रेस भी ऐसे ही लोगों को आगे बढ़ाने का काम करती है। दोनों पार्टियां गरीबों का हक मारकर उनका गला काटती हैं। अब इन भ्षटाचारियों को सत्ता से बाहर करने और तमिलनाडु को परिवारवाद से मुक्त करने का समय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तमिलनाडु में भाजपा-एआईएडीएमके की डबल इंजन सरकार बनेगी। रासीपुरम की जनता बिजली और साफ पानी के लिए तरस रही है। डीएमके की सरकार निकम्मी है।

देश की विकास यात्रा में तमिलनाडु है अहम साझेदार-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन के बाबा महाकाल और तमिलनाडु के रामेश्वरम महादेव सहित सभी 12 ज्योतिर्लिंग के आशीर्वाद से विश्व में हमारा भारत देश सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने तमिलनाडु के सपूत पूर्व राष्ट्रपति स्व. एपीजे अब्दुल कलाम, तमिलनाडु की अम्मा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. जयललिता, महान वैज्ञानिक सीवी रमन, महान साहित्यकार वेंकटरामा रामलिंगम पिल्लई, आरके नारायण और सुप्रसिद्ध कार्टूनिस्ट स्व. आर.के. लक्ष्मण की धरती को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने रामेश्वरम की पवित्र भूमि से ही रामराज्य का आदेश दिया था। आज देश उसी दिशा में अग्रसर है और तमिलनाडु भी भारत की इस विकास यात्रा में अहम भूमिका निभा रहा है।

### बड़वानी में भीषण सड़क हादसा

# छह लोगों की मौत, बारातियों की गाड़ी टैंकर से टकराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** बड़वानी जिले में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। खरगोन-बड़वानी रोड पर जुलवानिया टोल प्लाजा के पास एक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी मृतक और घायल राजपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, सभी लोग शादी के कार्यक्रम से बारात वापस लेकर लौट रहे थे। शुरुआती जानकारी के अनुसार, जिले के जलगौन से बारात राजपुर आई हुई थी। बारात में शामिल एक फोर व्हीलर वाहन का डीजल खत्म हो गया था। वाहन में सवार युवक डीजल लेने के लिए जुलवानिया गए थे। डीजल लेकर वापस राजपुर की ओर लौटते समय जुलवानिया टोल प्लाजा



के पास खरगोन की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार टैंकर से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। सूचना मिलते ही जुलवानिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। युवक कार में फंसे रहे। मृतकों को कार से बाहर निकालने में करीब एक घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। गंभीर घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान दो और युवकों की मौत हो गई।

### ● मृतकों में ये लोग शामिल

हादसे में सचिन गोकुल वास्कले (25), प्रद्युम्न सहते (25), पप्पू (29), आकाश (25) और यशवंत सुपड़िया (30) की मौत हो गई। वहीं सुरेश (28), सोहन (28) गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद टैंकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने टैंकर जब्त कर लिया है और आरोपी ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

# सिविल सेवा दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मंगलवार को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।**



इस अवसर पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सिविल सेवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवाएं शासन और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान भोपाल से आयोजित राज्य स्तरीय सिविल सेवा दिवस समारोह का सीधा प्रसारण भी उपस्थित अधिकारियों को दिखाया गया, जिसमें विभिन्न प्रशासनिक पहल और उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रशासनिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता और जनहित में बेहतर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ। सिविल सेवा दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में क्षमता विकास आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री आदिल जैनुलभाई भी मौजूद थे।

**साधना सप्ताह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों को सम्मान-** राज्य स्तरीय कार्यक्रम में साधना सप्ताह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों को पुरस्कृत किया गया। दस हजार से अधिक लोकसेवकों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन में प्रथम स्थान पर जनजातीय कार्य विभाग, द्वितीय स्थान पर उच्च शिक्षा विभाग और तृतीय स्थान पर स्कूल शिक्षा विभाग को पुरस्कृत किया गया। एक हजार से 10000 लोकसेवकों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये प्रथम स्थान पर आयुष विभाग, द्वितीय स्थान पर तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग और तृतीय स्थान पर जेल विभाग को पुरस्कृत किया गया। एक हजार से कम लोकसेवकों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन में प्रथम स्थान पर पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, द्वितीय स्थान पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग और तृतीय स्थान पर जनसंपर्क विभाग को पुरस्कृत किया गया।

अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री संजय दुबे ने सिविल सेवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रशासन अकादमी के महानिदेशक श्री सचिन सिन्हा और बड़ी संख्या में लोक सेवक उपस्थित थे। उप सचिव, मुख्यमंत्री श्री सुधीर कोचर ने कार्यक्रम का संचालन किया। संचालक प्रशासन अकादमी श्री मुजीबुर्रहमान खान ने आभार व्यक्त किया।

### जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## बगैर चिकित्सक संचालित अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन की गई सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में बगैर चिकित्सक के संचालित एक अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन को सील किया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार की गई। यह मशीन पीसी डायग्नोस्टिक सॉल्यूशन की थी।**



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि पी सी डायग्नोस्टिक सॉल्यूशन सर्वहारा नगर का एक टीम बनाकर निरीक्षण कराया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि क्लिनिक पर केवल 01 चिकित्सक डॉ. रिंकू मीणा एमडी रेडियोलॉजिस्ट पंजीकृत थे, किन्तु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अवलोकन करने पर पाया गया कि डॉ. रिंकू मीणा बंधपत्र चिकित्सक है। वर्तमान में वह एमवाय चिकित्सालय में कार्यरत है। जिनको निजी केन्द्रों पर बगैर अधिष्ठाता की अनुमति के कार्य करने हेतु नोटिस जारी किया गया है। फलस्वरूप सम्बन्धित चिकित्सक द्वारा पीसी डायग्नोस्टिक सॉल्यूशन पर कार्य नहीं किया जा रहा है। जिसके पश्चात् पीसीपीएनडीटी नियमानुसार बगैर चिकित्सक अल्ट्रासोनोग्राफी का संचालन किया जाना सम्भव नहीं है। इस स्थिति को देखते हुए सम्बन्धित केन्द्र की सोनोग्राफी मशीन सील की गई।

### शादी से पहले हल्दी लगा दूल्हा इंदौर कलेक्ट्रेट पहुंचा

## जनसुनवाई में बोला- घर का रास्ता बंद, बारात निकालने में संकट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सिर पर सेहरा सजाने की तैयारी चल रही है, घर में मेहमानों की चहल-पहल है, हल्दी की रस्म पूरी हो चुकी है, लेकिन शादी से ठीक पहले एक दूल्हा अपने घर का रास्ता खुलवाने के लिए इंदौर कलेक्टर की जनसुनवाई में अधिकारियों के सामने गुहार लगाता नजर आया।**



मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में ग्राम अंबोवला, बिचौली मर्दाना निवासी उमेश गांगोलिया अपने पिता अशोक, मां, दादी और रिश्तेदारों के साथ पहुंचे। उनकी बारात 25 अप्रैल को देवास जानी है, लेकिन घर के सामने रास्ता अवरुद्ध होने से परिवार भारी परेशानी में है। उमेश ने बताया कि 18 अप्रैल को हल्दी की रस्म हो चुकी है, मेहमान आ चुके हैं। ऐसे में यदि समय रहते रास्ता नहीं खुला, तो बारात और मेहमानों के आने-जाने में गंभीर दिक्कत होगी। दूल्हे ने आरोप लगाया कि गांव के बद्रीलाल नामक व्यक्ति द्वारा जानबूझकर नाली पर रास्ता नहीं बनने दिया जा रहा है। परिवार ने अस्थायी रूप से पटिये रखकर रास्ता बनाया, जिसे बद्रीलाल ने हटा दिया। उनका कहना है कि यह सरकारी जमीन का रास्ता है, जहां बड़ी नाली होने के बावजूद पाइप तक नहीं लगाने दिया जा रहा। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें उस रास्ते से गुजरने नहीं दिया जाता, जबकि अन्य लोगों को जाने दिया जाता है। विरोध करने पर धमकी दी गई कि शादी नहीं होने दी जाएगी। दूल्हे ने एडीएम रोशन राय को आवेदन देकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। भावुक अपील में उसने कहा जब अपने ही घर तक पहुंचने का रास्ता नहीं है, तो शादी जैसा बड़ा आयोजन कैसे होगा? अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया है। इस बीच आरोपित पक्ष के बद्रीलाल भी जनसुनवाई में पहुंचा और गांगोलिया परिवार के खिलाफ शिकायत देकर लौट गए। बहरहाल, शादी की खुशियों के बीच रास्ते के विवाद ने एक परिवार को चिंता में डाल दिया है। अब प्रशासनिक कार्रवाई पर ही इस दूल्हे की बारात का रास्ता निर्भर है। जनसुनवाई में डेली कॉलेज में चल रहे विवाद को लेकर राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को प्रतिवेदन सौंपकर जांच की मांग की। हालांकि प्रतिनिधिमंडल ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। पुलिस जनसुनवाई में भी बड़ी संख्या में शिकायतें आईं। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने बताया कि अधिकांश मामले आपसी विवाद और लेन-देन से जुड़े हैं। कुछ मामलों में आपसी सहमति बनी है, जबकि शेष में जांच जारी है।

## अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सख्त कार्रवाई, दो रूफटॉप रेस्टोरेंट सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में जिले में अग्नि सुरक्षा प्रबंधों को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले भवनों एवं संस्थानों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।**



इसी क्रम में आज जोन क्रमांक-07, वार्ड क्रमांक-29 अंतर्गत पीयू-3 स्कीम नंबर-54 के भूखंड क्रमांक 13-14 एवं 32-33 पर स्थित भवनों में बड़ी कार्रवाई की गई। यहां रूफटॉप पर संचालित कबीला वेज बारबेक्यूज़ एवं एयरन हाइट रेस्टोरेंट एंड किचन में अग्नि सुरक्षा से संबंधित आवश्यक उपकरण नहीं पाए गए। साथ ही बिना स्वीकृति के किचन संचालन भी किया जा रहा था। इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा दोनों रूफटॉप रेस्टोरेंट्स को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। यह कार्रवाई तहसीलदार मल्हारगंज निधि धाकड़, भवन अधिकारी जोन-07 टीना सिसौदिया, भवन निरीक्षक पीयूष मावी एवं राजस्व टीम की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिले में हिदायत दी गई है कि अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे संस्थानों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## कांग्रेसी नेताओं को हाईकमान ने तलब किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। नगर निगम परिषद की बैठक में हुए वंदे मातरम विवाद को लेकर कांग्रेस के अनुशासन समिति ने बुधवार को इंदौर कांग्रेस के सभी नेताओं को देवास बुलाया। कांग्रेस के सभी मुस्लिम पार्षदों को भी बुलाया गया। उनसे यह पूछा गया कि वह नगर निगम के विशेष सम्मेलन में क्यों नहीं गए? नगर निगम परिषद की बैठक में कांग्रेस की दो महिला मुस्लिम पार्षदों द्वारा वंदे मातरम गाने से इनकार करने और उसके बाद भाजपा के पार्षदों को चुनौती देने का मामला तूल पकड़ गया था। इस मामले को लेकर उसी समय शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कह दिया था कि वंदे मातरम तो सभी को गाना चाहिए। इस मामले को लेकर कांग्रेस दो हिस्से में बंटी हुई नजर आ रही थी। मामले में सभी के बयान हो गए हैं।मुस्लिम पार्षदों का कहना था कि इस्लाम में मातरम कहने की इजाजत नहीं देता है। इस मामले में शहर कांग्रेस द्वारा दोनों महिला मुस्लिम पार्षद फौजिया अलीम और रूबीना खान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा गया था। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव हरीश चौधरी ने इस मामले के लिए जांच कमेटी गठित की थी, जो अनुशासन समिति के रूप में कार्य करेगी। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय दत्त और उषा नायडू को लिया गया था।

## ● बिल के बदले मांगे थे 3.50 लाख...

# पीडब्ल्यूडी के ईई और एसडीओ समेत तीन अधिकारी रिश्वत लेते धराए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लोक निर्माण विभाग (PWD) के तीन अधिकारी मंगलवार को रिश्वत लेते हुए पकड़ाए हैं। पकड़े गए अधिकारियों के नाम जयदेव गौतम (कार्यपालन यंत्री, संभाग-1, इंदौर), टीके जैन (अनुविभागीय अधिकारी, पीडब्ल्यूडी संभाग-1) और अंशु दुबे (उपयंत्री, संभाग-1, इंदौर) हैं।**

लोकायुक्त टीम ने आरोपी जयदेव गौतम को उनके शासकीय निवास से 1.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। जबकि टीके जैन को कार्यालय परिसर के पोर्च के नीचे से 1 लाख रुपए लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी अंशु दुबे ने भी 1 लाख रुपए की मांग की थी, लेकिन कम राशि उपलब्ध होने के कारण उसने रकम नहीं ली। इस प्रकार कुल 2.50 लाख रुपए की राशि जब्त की गई है। पटेल इंटरप्राइजेस संचालक राजपाल सिंह पंवार एक




शासकीय ठेकेदार हैं। वे धार के निवासी हैं और वर्ष 2023 में उनकी फर्म ने मैथवाड़ा फोरलेन पहुंच मार्ग का कार्य 4.73 करोड़ रुपए में लिया था, जिसे 4.51 करोड़ रुपए में पूरा किया गया। अंतिम बिल भुगतान के बदले अधिकारियों ने 3.50 लाख रुपए की रिश्वत मांगने की शिकायत लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में की थी। सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने के बाद मंगलवार को ट्रैप दल गठित कर कार्रवाई की गई। आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 7 एवं भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की धारा 61(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई जारी है। ट्रैप टीम में टीआई आशुतोष मिठास, प्रतिभा तोमर और विवेक मिश्रा सहित अन्य सदस्य शामिल थे। यह कार्रवाई लोकायुक्त के महानिदेशक योगेश देशमुख एवं उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर की गई।

## सोशल मीडिया शिकायत पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा आमजन से प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए निरंतर निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायत के आधार पर ब्रेस्ट बाइट फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (ब्रांड नेम - अर्बन मस्का), एल.आई.जी. चौराहा, इंदौर का औचक निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर प्रभारी मेघा सोडानी उपस्थित थीं। जांच के दौरान किचन में पेस्ट कंट्रोल की समुचित व्यवस्था नहीं पाई गई। साथ ही, फ्रिज को वॉशिंग एरिया में रखा हुआ पाया गया, जो कि खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं है। इसके अतिरिक्त, फूड हैंडलर्स के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं पाए गए।

मौके से पाव एवं बन के खाद्य नमूने जांच हेतु लिए गए, जिन्हें राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में प्रतिष्ठान संचालक को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा बताया गया है कि जिले में असुरक्षित एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। साथ ही, खाद्य कारोबार संचालकों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# डेली कॉलेज में भाजपा के आयोजन का विरोध दिग्विजय सिंह ने पूछा- अनुमति कैसे मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रतिष्ठित डेली कॉलेज में 22 अप्रैल से आयोजित होने जा रहे भारतीय जनता पार्टी के सात राज्यों के वरिष्ठ नेताओं के प्रशिक्षण वर्ग ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। इस आयोजन की तैयारियों के बीच प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और संस्थान के संरक्षक दिग्विजय सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है।**



सिंह ने डेली कॉलेज बोर्ड के प्रेसिडेंट को एक पत्र लिखकर परिसर के राजनीतिक इस्तेमाल पर अत्यंत क्षोभ, निराशा और पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने संस्थान की निष्पक्षता और संस्थागत स्वतंत्रता को गंभीर क्षति पहुंचने का दावा करते हुए इस आयोजन की स्पष्ट निंदा की है।

दिग्विजय सिंह ने अपने पत्र में तीखे सवाल उठाते हुए कहा है कि डेली कॉलेज कोई साधारण संपत्ति नहीं है जिसे किसी दल की पक्षपातपूर्ण सुविधा के लिए सौंप दिया जाए। उन्होंने इसे एक खतरनाक 'पैटर्न' करार देते हुए कुछ पिछली घटनाओं का भी जिक्र किया है। सिंह के अनुसार, सितंबर 2025 में भी कॉलेज के गेट और परिसर में भगवा झंडे व बैनर लगाए गए थे।

इसके अलावा, उन्होंने 4 अक्टूबर 2025 को आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हुए कार्यक्रम और फरवरी 2026 में आयोजित ओडीए रॉयल कुकिंग फेस्टिवल के दौरान भी परिसर के राजनीतिकरण का मुद्दा उठाया है। उनका कहना है कि बार-बार हो रहे ऐसे आयोजनों से आम जनता के बीच यह संदेश जा रहा है कि यह स्वतंत्र शिक्षण संस्थान अब एक खास विचारधारा के प्रचार का केंद्र बनता जा रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी बात को मजबूती देने के लिए अपने कार्यकाल का भी उल्लेख किया। उन्होंने लिखा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनके दो दशकों के कार्यकाल के दौरान कभी भी कांग्रेस का कोई कार्यक्रम डेली कॉलेज परिसर में आयोजित नहीं हुआ। उन्होंने तर्क दिया कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन 140 साल पुराने इस गौरवशाली संस्थान की प्रतिष्ठा और साख हर हाल में सुरक्षित रहनी चाहिए। उन्होंने पत्र के माध्यम से बोर्ड से पूछा है कि आखिर किसके अधिकार और अनुमति से परिसर को राजनीतिक गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराया गया और क्या बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को इसकी जानकारी दी गई थी। इस पूरे विवाद के बीच भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की भूमिका पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। शहर के राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि डेली कॉलेज बोर्ड के आगामी चुनावों और वहां के आंतरिक समीकरणों को जानते हुए भी बार-बार ऐसे आयोजन क्यों कराए जा रहे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**इंदौर**। नेमावर रोड पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सोमवार रात करीब 11 बजे सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भंवरकुआ थाना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान दिलीप (42) पुत्र बनेसिंह ठाकुर निवासी पालदा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि उसे एक आयशर वाहन ने टक्कर मारी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी जेब से एक डायरी निकाली और उसमें दर्ज नंबरों पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन किसी ने उसकी पहचान की पुष्टि नहीं की। उसके पास एक मोबाइल फोन भी मिला, जो हादसे में टूट गया था। मोबाइल को एमवाय चौकी पुलिस को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश कर रही है और टक्कर मारकर फरार हुए वाहन की पहचान के लिए जांच जारी है।

# एक्सिस बैंक की पूर्व मैनेजर ने अधिकारियों पर शारीरिक मानसिक शोषण और वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप लगाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक्सिस बैंक की पूर्व मैनेजर ने वरिष्ठ अधिकारियों पर शारीरिक, मानसिक शोषण और वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने मंगलवार को कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। शिकायत में कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार के साथ नौकरी छोड़ने के बाद हक का पैसा रोकने और धमकाने का आरोप है।**

चोइथराम मंडी शाखा में 'ऑपरेशन हेड' रहीं निधि (बदला हुआ नाम) ने बताया कि उनका कार्यकाल फरवरी 2023 से मई 2025 तक रहा। इस दौरान प्रदर्शन शानदार था और उन्हें '4 आउट ऑफ 5' रेटिंग के साथ कई अवॉर्ड मिले, लेकिन इसके पीछे की कहानी दर्दनाक है।

आरोप है कि सीनियर अधिकारी केबिन में बुलाकर अश्लील इशारे करते थे और दोहरे अर्थ वाली बातें करते थे। मासिक धर्म (पीरियड्स) के दौरान भी उन्हें दो-तीन घंटे खड़ा रखकर मीटिंग ली जाती थी और कुर्सी खाली होने पर भी बैठने नहीं दिया जाता था। बैंक की अनिवार्य छुट्टियां भी नहीं दी जाती थीं। प्रताड़ना से तंग आकर निधि ने इस्तीफा दिया। उन्होंने तीन महीने का नोटिस पीरियड पूरा किया, लेकिन इस दौरान भी मानसिक दबाव रहा। बकाया बोनस मांगने पर



क्षेत्रीय और जोनल अधिकारियों ने कथित तौर पर भुगतान रुकवा दिया। समाधान पोर्टल और लेबर एनफोर्समेंट ऑफिसर से शिकायत पर बैंक अधिकारियों ने मध्यस्थता बैठक में आने से इनकार किया।

शिकायत के अनुसार लेबर ऑफिसर कार्यालय में भी बैंक कर्मचारियों ने अड़ियल रवैया अपनाया। निधिका आरोप है कि बाहर निकलकर उन्हें खुलेआम धमकी दी गई कि "तुझे तो बैंक बर्बाद कर देगा।" पीड़िता ने बताया कि भोपाल और जबलपुर के चक्कर लगवाकर उन्हें और प्रताड़ित किया जा रहा है, ताकि शिकायत वापस ले लें। निधि ने बताया कि बैंक में रहते हुए डर के कारण चुप रहीं। करियर बर्बाद करने और वेतन रोकने की धमकी मिलती थी। अब सरकार की महिला नीति और 'शी-बॉक्स' पोर्टल से प्रेरित होकर उन्होंने आवाज उठाई। उन्होंने कलेक्टर से निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। आवेदन में एचआर हेड प्रवीण चंद्रा और डिप्टी एचआर शिवम गुप्ता के नाम का भी उल्लेख है, जिन पर प्रताड़ना में शामिल होने या नजरअंदाज करने का संदेह है। पीड़िता ने बताया कि इस्तीफा देने पर एक साल का 2 लाख रुपए बोनस देने से मना कर दिया गया। अधिकारियों ने बैंक पॉलिसी का हवाला दिया। पीड़िता 2025 से बैंक, लेबर ऑफिस और शी-बॉक्स पोर्टल पर शिकायत कर रही है, लेकिन कार्रवाई न होने पर जनसुनवाई में पहुंची।एक्सिस बैंक के डिप्टी एचआर शिवम गुप्ता ने कहा कि उनके पास शोषण की कोई शिकायत नहीं आई है। उन्होंने बताया कि बोनस न मिलने की शिकायत आई थी, लेकिन बैंक पॉलिसी के अनुसार वह इसके लिए एलिजिबल नहीं हैं। बाकी घटनाओं और शिकायतों की जानकारी नहीं है।

# लोक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नवाचार जरूरी : मंत्री श्री काश्यप

## 9 प्रकार के नवाचारों को मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने कहा है कि लोकहित कार्यों के बेहतर परिणामों के लिए लोक सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार होते रहना चाहिए। जिन्होने लोक सेवा का संकल्प लिया है उन्हें गहन चिंतन और निरंतर आत्मविश्लेषण की आवश्यकता होती है। मंत्री श्री काश्यप मंगलवार को आसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में आयोजित सिविल सेवा दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि लोक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नवाचार की आवश्यकता होती है। लोक महत्व की सेवाओं तक सभी हितग्राही लोगों की पहुंच आसान होना चाहिए। उन्होने भारतीय सिविल सेवा की स्थापना में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि भारत जैसे विविधताओं वाले देश में सिविल सेवा की स्थापना एक अभूतपूर्व कार्य था। उन्होने कहा कि भारत की सिविल सेवा हर प्रकार से मजबूत है। वास्तविक अर्थ में इसका स्टील फ्रेम है। उन्होने कहा कि कोरोना संकट में कई देशों में प्रशासनिक सेवाओं के तंत्र चरमरा गये थे लेकिन भारत में पूरी दक्षता और क्षमता से सिविल सेवा तंत्र ने काम किया और सेवाएं दीं। उन्होने कहा कि योग्यता, संस्कार और समर्पण के संगम से यह संभव हो पाया।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकसित भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश निरंतर अपना योगदान देने के लिए तैयार है। आज मध्यप्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आकर विकासशील प्रदेश बन चुका है और तेजी से विकास कर रहा है। उन्होने कहा कि जन सुनवाई जैसी प्रशासनिक व्यवस्थाएं प्रभावी सिद्ध हुई हैं।



मंत्री श्री काश्यप ने वर्ष 2024-25 के लिए नागरिक सेवा, शिक्षा एवं मानव संसाधन, सामाजिक समावेश और स्वास्थ्य एवं पोषण सेवा श्रेणियों में नवाचार और उत्कृष्ट सेवाओं के लिये नौ विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और मार्गदर्शी लोकसेवकों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने लोक सेवकों को बधाई देते हुए कहा कि लोक सेवा दिवस आत्मपरीक्षण कर नये संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। उन्होने कहा कि साढे नौ लाख अधिकारी-कर्मचारी 'आई गाट पोर्टल' पर रजिस्टर हुए यह अत्यंत सराहनीय है। उन्होने कहा कि भूमिका आधारित प्रशासन प्रभावी होगा। मध्यप्रदेश 490 कोर्स के साथ अन्य प्रदेशों से आगे है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारी को बधाई दी। लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी जैसी मध्यप्रदेश की पहल को अन्य प्रदेशों ने लागू किया। प्रदेश में नीति निर्माण प्रक्रिया में प्रशासन तंत्र की भूमिका सहयोगकर्ता की है। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि प्रशासनिक नियमों और नीतियों के क्रियान्वयन में नवाचारी पहल से प्रभावी परिणाम मिलते हैं। समस्याओं के प्रभावी समाधान मिलते हैं जो लंबे समय तक प्रभावी रहते हैं। उन्होने लोक सेवकों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यव्यवहार में लोकहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

### साधना सप्ताह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों को सम्मान

कार्यक्रम में साधना सप्ताह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों को पुरस्कृत किया गया। दस हजार से अधिक लोकसेवकों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन में प्रथम स्थान पर जनजातीय कार्य विभाग, द्वितीय स्थान पर उच्च शिक्षा विभाग और तृतीय स्थान पर स्कूल शिक्षा विभाग को पुरस्कृत किया गया। एक हजार से 10000 लोकसेवकों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये प्रथम स्थान पर आयुष विभाग, द्वितीय स्थान पर तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग और तृतीय स्थान पर जेल विभाग को पुरस्कृत किया गया। एक हजार से कम लोकसेवकों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन में प्रथम स्थान पर पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, द्वितीय स्थान पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग और तृतीय स्थान पर जनसंपर्क विभाग को पुरस्कृत किया गया।

अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री संजय दुबे ने सिविल सेवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रशासन अकादमी के महानिदेशक श्री सचिन सिन्हा और बड़ी संख्या में लोक सेवक उपस्थित थे। उप सचिव, मुख्यमंत्री श्री सुधीर कोचर ने कार्यक्रम का संचालन किया। संचालक प्रशासन अकादमी श्री मुजीबुर्रहमान खान ने आभार व्यक्त किया।

## 27 अप्रैल को एमपी विधानसभा का विशेष सत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र 27 अप्रैल को बुलाया गया है। विधानसभा सचिवालय की ओर से इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस विशेष सत्र में 'नारी शक्ति वंदन' से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इससे पहले रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विशेष सत्र बुलाने की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि महिलाओं से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर विधानसभा में विस्तृत चर्चा की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले सोमवार को भोपाल में भाजपा द्वारा 'नारी शक्ति वंदन' के समर्थन में आक्रोश रैली भी निकाली गई थी। इस रैली के माध्यम से पार्टी ने महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में अपनी बात रखी।




## इंदौर से सागर जा रही चलती बस में लगी आग, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन, एजेंसी। रायसेन में मंगलवार शाम करीब 4 बजे इंदौर से सागर जा रही एक स्लीपर कोच बस में अचानक आग लग गई। घटना सेहतगंज के पास हुई, जहां बस के अगले हिस्से से लपटें उठती देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका, जिससे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकलने का मौका मिल गया।**

बस में करीब 50 यात्री सवार थे। आग लगते ही बस के अंदर तेजी से धुआं भर गया, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। लोग दरवाजे खोलकर तुरंत बाहर निकले और संभावित धमाके के डर से करीब 200 मीटर दूर जाकर खड़े हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग चालक की सीट के नीचे और स्टीयरिंग के पास से शुरू हुई। शुरुआती जांच में बस की बैटरी में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। स्थिति बिगड़ने से पहले ही चालक और परिचालक ने मौके पर पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। उनकी तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद कुछ देर तक मौके पर तनाव बना रहा, लेकिन आग बुझने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। इन दिनों रायसेन में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है, जिससे वाहनों में आग लगने का खतरा बढ़ गया है।



## 16 लाख की बोली और बिना परीक्षा थमा दी एमबीबीएस की डिग्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के बहुचर्चित व्यापमं फर्जीवाड़े की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि ग्वालियर से एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां व्यापमं कांड में बर्खास्त किए गए छात्रों को कथित तौर पर 16-16 लाख रुपये लेकर बिना परीक्षा दिए ही MBBS की डिग्रियां बांटने का बड़ा खुलासा हुआ है। इस गंभीर मामले के उजागर होने के बाद अब गजराराजा मेडिकल कॉलेज (GRMC) और जीवाजी यूनिवर्सिटी प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए एक-दूसरे के पाले में गेंद फेंक रहे हैं। इस पूरे घोटाले की शुरुआत तब हुई जब जीवाजी यूनिवर्सिटी से संबंधित GRMC की छात्र शाखा (UG) के प्रभारी प्रशांत चतुर्वेदी का एक ऑडियो वायरल हुआ। इस ऑडियो में वह बर्खास्त छात्रों को बिना एग्जाम दिए 16-16 लाख रुपये में डिग्री दिलाने की बात करते सुनाई दे रहे थे। मामला गरमाते ही मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. आर.के.एस. धाकड़ ने आनन-फानन में प्रशांत चतुर्वेदी को पद से हटाकर दूसरी जगह भेज दिया। हालांकि, कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि डिग्री देने का काम यूनिवर्सिटी का है, उनका नहीं।

## बस पलटी, 11 यात्री घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़, एजेंसी।** टीकमगढ़ में मंगलवार सुबह बड़ागांव रोड पर एक यात्री बस पलट गई, जिसमें 11 लोग घायल हो गए। हादसा जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर हनुमान मंदिर के पास क्रॉसिंग के दौरान हुआ। बस सर्विस कंपनी की थी और इंदौर से टीकमगढ़ आ रही थी। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई। कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने मौके पर पहुंचकर बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। कुछ यात्रियों को सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अधिकांश को मामूली चोटें लगी हैं।

## 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर में मंगलवार दोपहर एक महिला के हंगामे से कलेक्ट्रेट परिसर के पीछे अफरा-तफरी मच गई। करीब 3:30 बजे एक महिला पांच मंजिला (लगभग 60 फीट) ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गई और हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर आत्मदाह की धमकी देने लगी। महिला कलेक्टर की जनसुनवाई में आई थी और 20 लाख रुपए आर्थिक मदद मांग रही थी। शाम 6 बजे के करीब महिला को टंकी से नीचे उतार लिया गया। महिला भूरी बानो खान का कहना है कि उसके पति और दो बच्चों की मौत हो चुकी है, जिसके चलते वह आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट चुकी है। उसने जिला प्रशासन से 20 लाख रुपए की आर्थिक मदद की मांग की है। महिला ने चेतावनी दी थी कि यदि उसकी मांग पूरी नहीं की गई तो वह अपनी जान दे देगी।

## 9 शहरों में वॉर्म नाइट का अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में गर्मी का असर अब दिन के साथ-साथ रातों में भी साफ दिखने लगा है। कई शहरों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने भोपाल समेत 9 जिलों में पहली बार 'वॉर्म नाइट' का अलर्ट जारी किया है। इसी बीच भीषण गर्मी को देखते हुए मैहर जिले में प्री-प्राइमरी से कक्षा 5वीं तक के सभी स्कूलों में 21 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। मैहर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने यह आदेश बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जारी किया है। यह आदेश शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई और केंद्रीय विद्यालयों सहित सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू रहेगा।

# संपादकीय

## आस्था पर कानून के असर की होगी जांच

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भले ही उसकी शक्तियों पर कुछ सीमाएं हों, लेकिन वह यह जांच सकता है कि सरकार धार्मिक परंपराओं पर रोक लगा सकती है या नहीं। अदालत ने साफ किया कि सामाजिक सुधार के नाम पर लिए गए ऐसे फैसलों की न्यायिक समीक्षा पूरी तरह खत्म नहीं होती। धार्मिक परंपराओं से जुड़े मामलों में अदालत को हस्तक्षेप करने से रोकने के लिए दी गई जोरदार दलीलों पर विचार करते हुए, चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की संविधान पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में न्यायिक समीक्षा की (उच्चतम) न्यायालय की शक्ति पर कुछ सीमाएं हैं, लेकिन यह कहना कि इस संबंध में कोई अधिकार नहीं है, 'स्वीकार करना मुश्किल होगा।' पीठ में जस्टिस बी वी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्ला, जस्टिस अरविंद कुमार, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, जस्टिस प्रसन्ना बी वराले, जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची भी शामिल हैं। ये टिप्पणियां पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता जे साई दीपक की दलीलों पर कीं, जो पंडालम शाही परिवार और ऐतिहासिक श्रीउर मठ की ओर से अदालत में पेश हुए थे। यह दलील दी गई कि यदि कोई धार्मिक परंपरा अपने पवित्र स्वरूप के कारण स्वाभाविक रूप से न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर है, तो सरकार द्वारा किसी कानून के माध्यम से उस परंपरा को मान्यता देने या 'संहिताबद्ध' करने मात्र से न्यायपालिका को उसकी समीक्षा करने की शक्ति अचानक प्राप्त नहीं हो जाती। प्रधान जस्टिस ने उनसे कहा, 'यदि सरकार सामाजिक कल्याण के नाम पर किसी धार्मिक परंपरा पर प्रतिबंध लगाती है, तो इसकी पड़ताल कौन करेगा? हमारा मानना है कि कुछ सीमाएं हैं, लेकिन यह कहना कि न्यायिक समीक्षा की शक्ति बिल्कुल नहीं है, यह बात स्वीकार करना बहुत कठिन हो सकता है। न्यायिक समीक्षा की शक्ति पर इतना हमला करने की कोई आवश्यकता नहीं है।' दीपक अदालत में चेतना कन्साइंस ऑफ वुमन, भगवान अय्यप्पा मंदिरों के अखिल भारतीय संगठन, साथ ही श्री पद्मनाभस्वामी और चिलकुर बालाजी मंदिरों के मुख्य पुजारियों जैसे विभिन्न अन्य हिंदू संगठनों का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो काम सीधे तौर पर नहीं किया जा सकता, वह अप्रत्यक्ष रूप से भी नहीं किया जा सकता।

## ज्ञान-विज्ञान

### चीन की दादागिरी का अंत करेगा जापान!

# समंदर में 6000 मीटर नीचे कीचड़ से खोज निकाला खजाना, बदलेगी किस्मत



जापान में वैज्ञानिकों के एक समूह ने समुद्र के नीचे 6000 मीटर की गहराई में असंभव से समझे जाने वाले मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। जापानी वैज्ञानिकों की यह उपलब्धि रेयर अर्थ के मामले में चीन के मुकाबले टोक्यो को मजबूत करने वाली है। वैज्ञानिकों ने समुद्र के गहरे तल से रेयर अर्थ एलीमेंट्स को निकालने में सफलता पाई है। प्रशांत महासागर की तलहटी में समुद्री ड्रिलिंग जहाज की मदद से इतनी गहराई से नमूने निकालने का यह पहला प्रयास है। यह खोज टोक्यो से 2000 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित मिनामिटोरिशिमा में की गई है, जो एक छोटा से मूंगा द्वीप है। जापान ने इस मिशन के नतीजे को आर्थिक सुरक्षा और समुद्री विकास के लिहाज से मील का पत्थर बताया है। इस सफलता का महत्व तकनीकी से ज्यादा रणनीतिक है। रेयर अर्थ उन धातुओं के समूह को कहा जाता है, जो आधुनिक तकनीकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इनका उपयोग इलेक्ट्रिक वाहन, पवन टर्बाइन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सेमी कंडंक्टर के साथ ही रक्षा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण रडार प्रणालियों, मिसाइलों और दूसरी चीजों में किया जाता है।

### जापान के पास रेयर अर्थ का खजाना

कुछ अनुमानों के अनुसार जापान के पानी के नीचे मौजूद भंडार में 160 लाख टन से भी ज्यादा रेयर अर्थ मिनरल्स हो सकते हैं, जो इसे दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा भंडार बनाते हैं। मिनामिडोरिशिमा द्वीप के पास मौजूद डाइस्प्रोसियम और यट्रियम जैसे तत्त्व 700 से 800 साल तक की खपत के लिए पर्याप्त हैं। जापान की यह खोज रेयर अर्थ में चीन की दादागीरी को खत्म कर सकती है, लेकिन आत्मनिर्भरता हासिल करने की टोक्यो की रेस के पीछे भी बीजिंग ही है। इसकी कहानी 2010 में शुरू हुई थी, जब चीन के साथ एक कूटनीतिक संकट ने जापान को मुश्किल में डाल दिया। सेनकाकू द्वीपों के पास एक चीनी मछली पकड़ने वाली नाव और जापान के दो कोस्ट गार्ड जहाजों के बीच हुई एक घटना के बाद चीन ने लगभग दो महीनों के लिए जापान को रेयर अर्थ का निर्यात रोक दिया था।

### जापान ने बदली रणनीति

उस समय टोक्यो इन खनिजों का 90 फीसदी चीन से आयात करता था। इस रोक से ऑटोमेटिव क्षेत्र में घबराहट फैल गई। एक साल के भीतर ही रेयर अर्थ की वैश्विक कीमतें दस गुना बढ़ गईं। इस घटना को टोक्यो ने बड़े खतरे के रूप में देखा और अपनी रणनीति में बदलाव शुरू कर दिया। जापान सरकार ने एक असाधारण योजना पर काम किया

### रेयर अर्थ के उपयोग को कम करने वाली तकनीक में निवेश

वैकल्पिक सामग्रियों का विकास
रीसाइकिलिंग को बढ़ावा देना
विदेशों में खदानों में हिस्सेदारी हासिल करना (जैसे ऑस्ट्रेलिया में लिनास ग्रुप के साथ)

### रणनीतिक भंडार का निर्माण करना

इस नीति का जापान को जबरदस्त परिणाम मिला है और चीन पर उसकी निर्भरता लगातार कम हुई है। हाल के वर्षों में यह घटकर 50 फीसदी रह गई है। जापान ने नए आपूर्तिकर्ताओं की तलाश के साथ कई मोर्चों पर काम किया। इन तमाम प्रगति के बावजूद जापान अभी भी चीन पर पूरी तरह निर्भरता खत्म नहीं कर पाया है।

### चीन के साथ ताजा तनाव

हाल के महीनों में चीन और जापान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची के ताइवान को लेकर दिए गए बयानों पर चीन ने तीखी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही चीन ने रेयर अर्थ चुंबक और दोहरे उपयोग वाली सामग्रियों के निर्यात को धीमा करना या सीमित करना शुरू कर दिया। रिपोर्टों के मुताबिक, इन उपायों का असर पहले ही ऑटोमोटिव, सेमीकंडक्टर और रक्षा क्षेत्रों में सक्रिय जापानी कंपनियों पर पड़ना शुरू हो गया है। इसे देखते हुए मिनामिटोरिशिमा का महत्व और भी बढ़ जाता है। अगर इन खनिजों का औद्योगिक इस्तेमाल आर्थिक और पर्यावरण, दोनों के लिहाज से टिकाऊ साबित होता है, तो जापान के पास स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए काफी संसाधन होंगे। इससे वह चीन पर निर्भरता कम हो सकती है। हालांकि, इसमें एक समस्या है। 6000 मीटर की गहराई पर स्थिति खनिज भंडार का दोहन बहुत खर्चीला है। फिलहाल, जापान ने इन महत्वपूर्ण खनिजों के दोहन के लिए अमेरिका के साथ मिलकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसे टोक्यो फ्रेमवर्क नाम दिया गया है।

Jammu & Kashmir

# पहलगाम आतंकी हमले की बरसी आज: कश्मीर में कड़ी सुरक्षा, पर्यटन स्थल और संवेदनशील इलाकों से लेकर LOC तक सतर्कता

**श्रीनगर, (एजेंसी)** 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम की बायसरन घाटी में हुए आतंकी हमले की पहली बरसी आज है। इसके चलते प्रशासन ने कश्मीर संभाग में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्र विरोधी तत्वों के मंसूबों को विफल बनाने के लिए सुरक्षाबलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने पिछले कुछ दिनों में व्यापक सुरक्षा योजना को अंतिम रूप देने के लिए कई बैठकें की जिसमें एक ठोस ग्राउंड मैप तैयार किया गया।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रदेश भर में धार्मिक स्थलों, पर्यटन केंद्रों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाई गई है। विशेष ध्यान उन पर्यटन स्थलों पर दिया



गया है जिन्हें बायसरन हमले के बाद सुरक्षा कारणों के चलते बंद कर दिया गया था। लगभग 48 पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया था। इनमें से लगभग 42 स्थलों को खोल दिया गया। इस बीच बायसरन घाटी जैसे पहाड़ी इलाकों में 10 से 15 जवानों की छोटी-छोटी टुकड़ियां भी तैनात की गई हैं ताकि ऊपरी इलाकों से होने वाली आतंकी मूवमेंट पर लगाम लगे जा सके। श्रीनगर शहर और अन्य संवेदनशील इलाकों में भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। लाल चौक, रेजीडेंसी रोड, बुलेवार्ड रोड सहित अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही तलाशी अभियान भी चलाए जा रहे हैं। संदिग्धों की तलाशी ली जा रही है।

पिछले कई दिनों से एलओसी और उससे सटे आंतरिक इलाकों में भी तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

Gujrat

# प्रेमी के साथ 100 से ज्यादा कॉल, डूबो कर मारने की साजिश

## पत्नी की चाल से कैसे बचा पति



**वडोदरा, (एजेंसी)** गुजरात के वडोदरा में हत्या की एक रोंगटे खड़े कर देने वाली साजिश का खुलासा हुआ है। यह मामला तब सामने आया जब एक आदमी अपनी जान लेने की कोशिश से चमत्कारिक रूप से बच गया। आरोप है कि इस साजिश को उसकी पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर रचा था। पुलिस ने इस मामले में पत्नी समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना छानी इलाके में हुई। 15 अप्रैल को घर लौटते समय पान की दुकान के मालिक गिरीश पटेल का अपहरण कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, छानी-सोखड़ा रोड पर कुछ लोगों के एक ग्रुप ने उन्हें जबरदस्ती एक कार में बिठा लिया। उन्हें चाकू दिखाकर धमकाया गया और कई जगहों पर घुमाने के बाद सोजित्रा के पास एक नहर में फेंक दिया। उसे मरा हुआ मानकर हमलावर मौके से भाग निकले। हालांकि, गिरीश नहर के भीतर बनी एक संरचना से लटके रहने में कामयाब रहे और करीब तीन घंटे तक संघर्ष करने के बाद अगली सुबह जीवित बाहर निकले। पुलिस ने शुरुआती जांच के आधार पर कुछ ही दिनों के भीतर पांच संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। जांच आगे बढ़ने के बाद पुलिस ने एक बड़ी साजिश का खुलासा किया, जिसमें गिरीश की पत्नी फाल्गुनी पटेल भी शामिल थीं। पुलिस ने खुलासा किया कि फाल्गुनी का खेड़ा के एक सैलून मालिक कौशिक शर्मा के साथ प्रेम-संबंध था।

Rajasthan

# रजनीकांत की मूवी देखकर 2-स्कूली बच्चों ने बनाया रक्षक रोबोट

**नागरौ।** राजस्थान के नागौर जिले के दो स्कूली स्टूडेंट्स ने सुपरस्टार रजनीकांत की रोबोट मूवी से इंस्पायर होकर ह्युमेनाइड रोबोट रक्षक 1.0 तैयार किया है। इसे प्रोग्राम करने और एआई से जोड़ने के लिए दोनों स्टूडेंट्स ने यूट्यूब से पायथन और C++ जैसी कंप्यूटर लेंग्वेज भी ऑनलाइन सीखी। खास बात यह है कि रोबोट की आंखों में कैमरे लगे हैं, जो लाइव रिकॉर्डिंग कर सकते हैं। पॉवर सप्लाई के लिए कंप्यूटर में यूज होने वाला SMPS काम में लिया है। जबकि 3D प्रिंटर से रोबोट की प्लास्टिक बॉडी प्रिंट करवाई गई है। दरअसल, जिले के कुचेरा के रहने वाले यश शर्मा और नीरज सैनी 9वीं और 11वीं क्लास के स्टूडेंट्स हैं। दोनों दोस्त है। दोनों ने रजनीकांत की रोबोट मूवी देखी तो रोबोट बनाने का आईडिया आया। दो साल पहले दोनों ने मिलकर कार्ड बोर्ड से एक रोबोट खेल खेल में तैयार किया, जिसे कम्प्यूटराइज नाम दिया था। इसके बाद दोनों ने यूट्यूब के जरिए कोडिंग लेंग्वेज सीखी और डेढ़ साल की मेहनत के बाद रक्षक 1.0 का प्रोटोटाइप तैयार कर लिया। यश के पिता जयप्रकाश डिस्कॉम में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत हैं। वहीं नीरज के पिता जीतेन्द्र सैनी भी डिस्कॉम में टेक्निशियन हैं।

Uttarakhand

# चारधाम में थूक और व्यापार जिहाद; हैदराबाद विधायक टी राजा बोले- सिर्फ सनातनी करे कारोबार

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पीक पर है। 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री के बाद आज केदारनाथ धाम के कपाट खुल चुके हैं। 23 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे। हैदराबाद विधायक टी राजा सिंह ने भी चारधाम यात्रा शुरू कर ली है। देहरादून में उन्होंने कहा कि चारों धाम की पवित्रता को बनाए रखने के लिए इन धामों में व्यापार करने के लिए सिर्फ सनातनी को ही अनुमति दी जानी चाहिए। जिससे कि धामों में थूक जिहाद और व्यापार जिहाद की घटनाएं न हों।

हैदराबाद के गोशामहल से विधायक टी राजा ने यह बात मंगलवार को जौनसार बावर के प्रवेश द्वार हरिपुर स्थित यमुना हरिघाट से चारधाम यात्रा की शुरुआत के दौरान कही। उन्होंने हरिपुर में यमुना पर हरिघाट के निर्माण के लिए उत्तराखंड सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे हरिपुर



कस्बे को उसका पुराना वैभव मिलेगा। विधायक ने कहा कि हरिद्वार और चारधाम में गैर-हिंदुओं को प्रतिबंधित करना उत्तराखंड सरकार का सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि कालसी के हरिपुर को हरिद्वार की तर्ज पर विकसित किया जाए। मान्यता है कि पूर्व में चार धाम यात्रा की शुरुआत हरिपुर के यमुना घाट से ही होती थी, जो किसी कालखंड में बंद हो गई थी। लेकिन अब घाट के बनने से यह दोबारा शुरू हो सकती है जिससे यहां के विकास के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

खेल

# अभिषेक के बाद चमके ईशान, दिल्ली को हराकर हैदराबाद ने घर में लगाई जीत की हैट्रिक

**हैदराबाद, (एजेंसी) अभिषेक शर्मा की बल्लेबाजी के बाद ईशान मलिंगा की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को 47 रनों से हराया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में दो विकेट पर 242 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 195 रन ही बना सकी। दिल्ली के लिए नीतीश राणा ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए, जबकि समीर रिजवी ने 41 और केएल राहुल ने 37 रन बनाए।**

हैदराबाद के लिए ईशान मलिंगा ने चार विकेट लिए, जबकि हर्ष दुबे को तीन सफलता मिली। साकिब हुसैन और दिलशान मादुशांका एक-एक विकेट हासिल करने में सफल रहे। दिलचस्प बात यह है कि हर्ष दुबे ने आखिरी ओवर में दिल्ली



को तीन झटके दिए। हैदराबाद की टीम इस जीत से अंक तालिका में आठ अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स छह अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

हैदराबाद के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दिलशान मादुशांका ने पाथुम निसांका को आउट कर दिल्ली कैपिटल्स को पहला झटका दिया। निसांका छह गेंदों पर एक छक्के की मदद से आठ रन बनाकर आउट हुए। पहला झटका लगने के बाद केएल राहुल और नीतीश राणा ने दिल्ली की पारी को संभाला। नीतीश राणा ने 27 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। राहुल और नीतीश के बीच साझेदारी बड़ी हो रही थी कि साकिब हुसैन ने केएल राहुल को आउट कर दिल्ली कैपिटल्स को दूसरा झटका दिया। राहुल और नीतीश ने दूसरे विकेट के लिए 86 रन जोड़े। राहुल 23 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 37 रन बनाकर आउट हुए।

केएल राहुल के पवेलियन लौटने के बाद नीतीश भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके। ईशान मलिंगा ने नीतीश राणा को आउट कर दिल्ली कैपिटल्स को तीसरा झटका दिया। ईशान 30 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुए। ईशान मलिंगा ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लिए। नीतीश को आउट करने के बाद अगली ही गेंद पर मलिंगा ने डेविड मिलर को बोल्ड किया। मिलर खाता भी नहीं खोल सके। हालांकि, मलिंगा हैट्रिक पूरी नहीं कर सके।

ईशान मलिंगा ने ट्रिस्टन स्टब्स को आउट कर दिल्ली को पांचवां झटका दिया। स्टब्स और समीर रिजवी ने दिल्ली को संभाले रखा था और लगातार बड़े शॉट्स खेलकर हैदराबाद के गेंदबाजों पर दबाव बना रहे थे। लेकिन मलिंगा ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। स्टब्स और रिजवी के बीच पांचवें विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी हुई। स्टब्स 16 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 27 रन बनाकर आउट हुए। मलिंगा ने इसके बाद इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे आशुतोष शर्मा को आउट किया जो 10 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 14 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

# दूसरी बार मां बनने वाली हैं दीपिका, प्रेग्नेंसी में कर रहीं शूटिंग, फैंस को भाया मिसेज धुरंधर का ग्लो

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह बॉलीवुड के सबसे पॉपुलर कपल्स में से एक हैं. 2024 में उन्होंने अपने पहले बच्चे, बेटी दुआ का स्वागत किया था. अब दोनों दूसरी बार पेरेंट्स बनने की तैयारी कर रहे हैं. रविवार, 19 अप्रैल को दीपिका और रणवीर ने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था. तब से इंटरनेट पर फैंस का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. एक तरफ रणवीर अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं. दूसरी तरफ, दीपिका अपने काम में बिजी हैं. डायरेक्टर पुनीत मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण के साथ एक प्यारी तस्वीर शेयर की. तस्वीर में दीपिका अपने 'मॉमी ग्लो' के साथ नजर आ रही हैं दीपिका काफी प्यारी लग रही हैं. ये फोटो शूटिंग के सेट से शेयर की गई है, जिसका मतलब है कि एक्ट्रेस अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के दौरान भी काम कर रही हैं. उन्होंने सफेद आउटफिट पहना है, जबकि पुनीत ने कैजुअल टी-शर्ट पहनी हुई है. एक्ट्रेस ने अपने बेबी बंप की झलक नहीं दी है. यह स्पष्ट नहीं है कि यह शूट किसी विज्ञापन के लिए था या फिल्म के लिए, लेकिन इस पोस्ट ने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है. यह तस्वीर उनकी दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा के बाद पहली झलक है.



## Highlights

1. **3rd-rate MP: Congress' Shama on Pappu Yadav's remark on women leaders**
2. **'Ghazwa-e-Hind' plot busted by Gujarat ATS, 2 arrested**
3. **Heinous designs of terrorists will never succeed: PM Modi on 1st anniversary of Pahalgam attack**
4. **Crypto scam led to Iranian attack on Indian ship in Strait of Hormuz**
5. **Leopard attack kills 10-year-old in Maha; locals allege negligence**

# India's fertiliser output falls to a five-year low in March

**NEW DEIHI, (Agency).** Fertiliser production in India fell to a five-year low in March, reflecting input shortages triggered by the ongoing war in West Asia, even as the combined index of eight core industries (popularly called core sector index) contracted by 0.4% on an annual basis, the weakest reading since August 2024 when it shrank 1.5%.

The data, released by the Ministry of Commerce and Industry on Monday, showed that if fertilisers were excluded from the index—their weight is just 2.63%—the overall index would have remained flat instead of contracting.

The March contraction in the index was driven by four sectors: fertilisers, crude oil, coal and electricity.

Fertiliser output plunged 24.6% from a year earlier, by far the sharpest fall among the eight industries.

In absolute terms, the fertiliser production index came in at 95.7 in March 2026, the lowest this value has been since April 2021, when it came in at 88.3.

The core sector index has a base of 100 for 2011-12.



For the new cropping season to be disruption free, the Indian economy would need either the supply-chain crisis to ease or imported fertiliser supplies to compensate for the loss of the domestic production.

According to data in the latest Economic Survey, India imports about 27% of its total fertiliser consumption.

To be sure, recent developments suggest that the worst of the supply shock to India's fertiliser industry is over.

HT reported on April 9 that "natural gas supplies to fertiliser plants have been raised again from 90% to 95% of their requirement...the second increase in a week" after a previous increase from "70% to 90%."

Natural gas is both fuel and feedstock for fertiliser plants. Its supplies had to be reduced to maintain no disruption in PNG (Piped Natural Gas) and CNG (Compressed Natural Gas) supplies for cooking and automobiles.

When read with the fact that the March production data shows a fall of about 25%, largely in sync with the temporary 30% reduction in natural gas supplies for fertiliser plants, an enhancement in gas supplies in April should help revive production.

Among other sectors in the core sector index, coal production fell 4%, crude oil output contracted 5.7%, and electricity generation slipped 0.5%.

Steel and cement continued to expand, but both slowed sharply from February.

# 'Govt keeps options open for future AI legislation'

**NEW DEIHI, (Agency).** As the Centre sets up a committee and high-level ministerial body to shape India's artificial intelligence (AI) policy, an official from the ministry of electronics and information technology (MeitY) said the government has not ruled out the possibility of a separate legal framework for the technology in future.

For now, the government's view is that dedicated legislation is unnecessary, given that AI remains in an early, innovation-driven phase in the country, but it has kept the door open for a future law, the official said, requesting anonymity.

The MeitY has recently announced the creation of two committees to advise the




government on AI governance policy development and coordination. A standing expert advisory body—Technology and Policy Expert Committee (TPEC)—was announced on April 18 to offer guidance to a high-level inter-ministerial body—AI Governance and Economic Group (AIGEG)—on policy, regulation and engagements across international forums. The ministry announced AIGEG's formation on April 16. "Their role is only to advise the government. They don't have independent statutory authority. They are not regulatory bodies," the official quoted above said, pointing out that their recommendations will not be legally binding.

To be sure, India does not yet have a dedicated AI law, unlike some jurisdictions such as the EU AI Act. For now, some aspects of AI, particularly AI-generated content, are addressed in a limited way under the existing IT rules.

# जनसुनवाई में दिखी प्रशासनिक संवेदनशीलता - कलेक्टर शिवम वर्मा ने आमजन की समस्याएँ सुनकर किया त्वरित निराकरण

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर हुए सफल इलाज से स्वस्थ हुई बालिका आभार व्यक्त करने पहुँची जनसुनवाई में - पुष्पगुच्छ भेंट कर जताया आभार
- कक्षा 10वीं में सफलता पर बालिका ने मिठाई देकर व्यक्त की खुशी, प्रोत्साहन स्वरूप मिली सिलाई मशीन
- सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को मिला उपचार, सफल इलाज पर शासन-प्रशासन को दिया धन्यवाद





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई एक बार फिर आमजन के लिए राहत का सशक्त माध्यम बनी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए कई प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया, वहीं शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित की जा रही है।

जनसुनवाई में मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण उस समय देखने को मिला जब



एयरपोर्ट रोड़ क्षेत्र में एक ट्रक हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई बालिका संस्कृति वर्मा अपने परिजनों के साथ पहुंची। इस बालिका ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशेष प्रयासों से उसे नया जीवन मिला है। मैं, उक्त दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मुख्यमंत्री जी ने मेरे इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था की और मुझे तत्काल मुम्बई भेजा। मेरे इलाज के दौरान हर समय उन्होंने स्वास्थ्य की जानकारी ली और बेहतर से बेहतर इलाज कराया। इंदौर आने के पश्चात भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव और इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा लगातार संपर्क में रहें। अब मैं पूरी तरह से स्वस्थ हूँ। आज मैंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आभार स्वरूप कलेक्टर श्री वर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट किया।

इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में सुहानी दाधीच ने बताया कि आर्थिक अभाव के कारण वह 10वीं की परीक्षा का फॉर्म नहीं भर पा रही थी। जनसुनवाई में आवेदन देने पर उसे तत्काल सहायता प्रदान की गई, जिससे वह परीक्षा में सम्मिलित होकर सफल हुई। खुशी के इस अवसर पर वह मिठाई लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची और आभार जताया। साथ ही कलेक्टर श्री वर्मा ने उसे प्रोत्साहन स्वरूप सिलाई मशीन भी देने के निर्देश दिए, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके।

एक अन्य मामले में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति अपने उपचार के लिए मिली सहायता के लिए आभार व्यक्त करने कलेक्टर कार्यालय पहुँचा। ज्ञात रहे कि जनसुनवाई में पहुंचने पर कलेक्टर के निर्देशानुसार उसे निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई, जिससे उसका सफल उपचार संभव हो सका। हितग्राही ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके अतिरिक्त ब्लड कैंसर से पीड़ित एक बालिका को भी उपचार हेतु आवश्यक सहायता प्रदान की गई, जिससे उसके परिवार ने राहत महसूस करते हुए आभार व्यक्त किया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आमजन से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कई आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मुख्य रूप में प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता और रोजगार से जुड़े प्रकरण रहे। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारियों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य ने जनसुनवाई में भाग लेकर नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुना और उनका निराकरण किया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक